26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 16 मार्च, 2026
अंक- 141 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8
www.dainikchingari.com

# पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम का मिज़ाज, कई जिलों में बारिश

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तर प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारों के कारण प्रदेश के कई इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तरी पंजाब के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिणी हरियाणा के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पश्चिमी और पूर्वी हवाओं के बीच परस्पर क्रिया हुई है। इसके चलते शनिवार रात से प्रदेश के उत्तरी तराई क्षेत्र और उससे सटे मध्य जिलों में रुक-रुक कर हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ रही हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी हल्की वर्षा दर्ज की गई। मेरठ में 2.9 मिमी बारिश हुई,



जबकि बरेली में 2.5 मिमी, मुरादाबाद में 1.2 मिमी और बहराइच में 0.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान ने गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर जिलों के कुछ हिस्सों में बिजली कड़कने के साथ मध्यम गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने पूरे प्रदेश में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और 40-50 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी आशंका व्यक्त की गई है। लखनऊ में रविवार को अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से थोड़ा कम रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से करीब 5.6 डिग्री अधिक है। अन्य जिलों में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया।

# संघ की नज़र में यूपी-उत्तराखण्ड अहम क्षेत्र

## होने जा रहा बड़ा बदलाव, विधानसभा चुनाव के बाद होगा लागू

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने देशभर में अपने संगठनात्मक ढांचे में बदलाव का खाका तैयार किया है। इसमें सबसे अहम बदलाव यूपी और उत्तराखंड के संगठनात्मक ढांचे में किया गया है। नई संरचना में उत्तर प्रदेश से जुड़े अहम बदलाव किए गए हैं। संघ ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को मिलाकर उत्तर क्षेत्र बनाने का फैसला किया है। हालांकि इसकी अधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



यह बदलाव विधानसभा चुनाव के बाद अगले साल मार्च से लागू किए जाएंगे। यह क्षेत्र संगठनात्मक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि दोनों राज्यों में संघ की शाखाओं और कार्यकर्ताओं की संख्या काफी अधिक है।

पानीपत (हरियाणा) के समालखा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के अंतिम दिन रविवार को संघ ने संगठनात्मक बदलाव के खाके को अंतिम रूप दिया है। फिलहाल यह तय किया गया है कि संघ के शताब्दी वर्ष के कारण नई तैनातियां नहीं की जाएंगी, लेकिन भविष्य में नई संरचना के आधार पर संगठन का काम आगे बढ़ेगा।

### शाखाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन का जिम्मा संभालेंगे संभाग


इस नई व्यवस्था में देश को 9 क्षेत्रों और 85 संभागों में बांटने की योजना बनाई गई है। क्षेत्र स्तर पर संगठन के समन्वय और विस्तार पर ध्यान दिया जाएगा, जबकि संभाग स्थानीय शाखाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन का जिम्मा संभालेंगे। सूत्रों के अनुसार, उत्तर क्षेत्र में दो अलग-अलग इकाइयां होंगी, जो उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन करेंगी। इससे दोनों राज्यों में संघ के कार्यों का समन्वय और विस्तार अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। नई व्यवस्था के तहत संघ का काम प्रांत के बजाय अब मुख्य रूप से क्षेत्र और संभाग स्तर से संचालित होगा।

### यूपी में होंगे 10 संभाग

**यूपी में कुल 10 संभाग होंगे। इसमें मेरठ, ब्रज, बरेली, लखनऊ, कानपुर, झांसी, प्रयागराज, अयोध्या, काशी और गोरखपुर शामिल हैं। यानी आने वाले समय में प्रांत की वर्तमान संरचना को समाप्त कर दिया जाएगा और संगठन का फोकस क्षेत्र व संभाग इकाइयों पर रहेगा।**

# मुरादाबाद में भीषण सड़क हादसा, चार युवकों की मौत

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे क्षेत्र में सोमवार सुबह दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे मनकरा मोड़ के पास यह हादसा उस समय हुआ जब रामपुर से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग फंस गए। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों में एक की पहचान दयाल सिंह रावत पुत्र कुमार पाल, निवासी अपर माल रोड, बीमिला कंपाउंड, पालिवाल, नैनीताल के रूप में हुई है।



पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
(श्याम बाबा) के
दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

# होर्मुज पार आया शिवालिक

## खाड़ी देश से ला रहा 45 हजार मीट्रिक टन LPG, दूर होगा गैस संकट!

**पटना (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर शिवालिक एलपीजी करियर कुछ ही घंटों में गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचने वाला है। यह जहाज युद्ध प्रभावित Strait of Hormuz से सुरक्षित निकलकर भारत की ओर रवाना हुआ था और इसमें 45 हजार मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी लदी हुई है। माना जा रहा है कि इससे देश में चल रही एलपीजी आपूर्ति की किल्लत को कम करने में मदद मिलेगी। क्षेत्र में Iran–Israel Conflict के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में कई जहाज फंसे हुए थे। भारत सरकार के लगातार कूटनीतिक प्रयासों के बाद दो भारतीय एलपीजी जहाजों को वहां से निकलने की अनुमति मिली। इनमें से पहला जहाज 'शिवालिक' अब मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचने वाला है। वहीं दूसरा जहाज नंदा देवी कल यानि 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पर पहुंचेगा। इसी बीच एक अन्य भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर जग लाडकी भी संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से लगभग 80,800 टन कच्चा तेल लेकर सुरक्षित भारत के लिए रवाना हुआ है। सरकार ने बताया कि क्षेत्र में मौजूद भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा पर लगातार नजर रखी जा रही है।



### 22 जहाज अभी भी फारस की खाड़ी में

सरकार ने कहा कि क्षेत्र में संचालित भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षित हैं और समुद्री गतिविधियों की लगातार निगरानी की जा रही है। वर्तमान में फारस की खाड़ी के पश्चिमी हिस्से में 22 भारतीय ध्वज वाले जहाज और 611 नाविक मौजूद हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल, 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों और तेहरान की जवाबी कार्रवाई से पहले भारत के आधे से अधिक कच्चे तेल, लगभग 30 प्रतिशत गैस और 85 से 90 प्रतिशत एलपीजी आयात पश्चिम एशियाई देशों जैसे सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से आते थे।

# ओड़िसा में अस्तपाल के आईसीयू में आग लगने से 10 मरीजों की मौत

**भुवनेश्वर (एजेंसी/चिंगारी)।** ओडिशा में कटक जिले के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ट्रॉमा केयर आईसीयू में सोमवार को आग लगने की एक दुखद घटना में 10 मरीजों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य मरीज घालय हो गए जिनका वर्तमान में आईसीयू में इलाज चल रहा है। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग के साथ अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने आग लगने के कारणों की न्यायिक जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। श्री मांझी के अनुसार, आग लगने का कारण अस्पताल की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है। यह अस्पताल ओडिशा के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में से एक है। जानकारी के अनुसार आग बगल के आईसीयू और वार्ड में भी फैल गई। घटना के समय, ट्रॉमा केयर आईसीयू में 23 मरीजों का इलाज चल रहा था। इनमें से 10 मरीजों की अस्पताल के अन्य आईसीयू यूनिटों में स्थानांतरित करते समय मौत हो गई जबकि शेष 13 मरीजों को बचा लिया गया और उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे और आग पर काबू प्राप्त किया। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

# आसाराम ने बाबा विश्वनाथ के दर पर माथा टेका

**वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)। दुष्कर्म के मामले में सजायाफ्ता आसाराम बापू ने रविवार शाम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। आसाराम को दी गई कथित वीआईपी व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। रविवार शाम करीब साढ़े आठ बजे उनका काफिला मंदिर के गेट नंबर चार पर पहुंचा, जहां उन्हें देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस के अनुसार, आसाराम के लिए कोई आधिकारिक प्रोटोकॉल जारी नहीं किया गया था। उनके निजी कर्मचारी और सहयोगी उन्हें दर्शन के लिए लेकर आए थे। मंदिर में प्रवेश के समय अन्य श्रद्धालुओं की तरह ही उनकी भी डीएफएमडी जांच की गई।**

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre
भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल
डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)
-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।
निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश
समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक
पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE




प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री सांई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026
25 हजार तक की डिस्काउंट
आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक
*नियम व शर्तें लागू
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911


# पुलिस-पब्लिक के बीच आपसी सहमति के बाद गढ़वावाला का मूर्ति विवाद समाप्त

## पुलिस ने सशर्त मूर्तियां लौटाईं

**अनुमति के बाद स्थापित होंगी मूर्तियां- सीओ**

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम गढ़वावाला में गत दिवस मूर्तियों की स्थापना को लेकर उत्पन्न हुआ विवाद कल देर रात पुलिस-किसान नेताओं/पब्लिक के बीच आपसी सहमति के बाद समाप्त हो गया, जिसके बाद पुलिस ने सशर्त मूर्तियां वापस करते हुए कहा कि मूर्तियों की स्थापना अनुमति मिलने के उपरांत ही स्थापित की जाएं। रविवार को क्षेत्र के ग्राम गढ़वावाला में स्थित बाबा लक्ष्मीदास-बाबा भूमिदास के थले पर मूर्ति स्थापना को लेकर उस समय विवाद उत्पन्न हो गया था, जब पुलिस बिना अनुमति मूर्ति स्थापना पर रोक लगाते मूर्तियों को थाने ले गई थी। इसी बीच पुलिस ने उक्त थला स्थल की स्थिति जानने के लिए राजस्व टीम को मौके पर बुलाकर उसकी तहकीकात भी कराई। हलका लेखपाल राकेश कुमार ने पैमाइश करने उपरांत सीओ अफजलगढ़ को आख्या सौंपते हुए बताया कि उक्त स्थल ग्राम समाज की आराजी में नहीं, बल्कि रणवीर सिंह पुत्र रामशरण सिंह की निजी आराजी में स्थित है। पुलिस की इस कार्यवाही से नाराज ग्रामीणों ने कल शाम भाकियू (टिकैत) के नेतृत्व में थाने पर पहुंचकर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया और थाने में ही धरना लगा दिया था। ईश्वर सिंह, रणवीर सिंह, सचिन, धर्मवीर सिंह आदि ग्रामीणों का कहना था कि मूर्तियों की स्थापना को लेकर जब गांव में किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज नहीं है तो आखिर पुलिस को क्या दिक्कत है। क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह ने किसान नेताओं एवं ग्रामीणों से बातचीत की और शासनादेशों का हवाला देते हुए प्रक्रिया के तहत मूर्तियां स्थापित करने को कहा। पुलिस एवं किसान नेताओं/पब्लिक के बीच काफी देर रात तक चली बातचीत में बनी सहमति के मुताबिक पुलिस ने ग्रामीणों की मौजूदगी में थले के महंत आसाराम शर्मा को दोनों मूर्तियां वापस सौंप दीं। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सिंह का कहना है कि ग्रामीणों द्वारा अनुमति लेने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी और अनुमति के उपरांत ही श्रद्धालु वहां मूर्तियों की स्थापना कर सकेंगे। इस अवसर पर भाकियू (टिकैत) के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष मनप्रीत सिंह संधू, जिला उपाध्यक्ष मदन राणा, जिला सचिव चौधरी जगत सिंह, धामपुर तहसील अध्यक्ष कविराज सिंह, अफजलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल सिंह, ग्राम प्रधान गढ़वावाला मुख्तियार अहमद, रमेशचंद्र शेखावत, देवेंद्र कौशिक, जसवीर सिंह फौजी, सरदार रवैल सिंह, रेशम सिंह, अजविंदर सिंह बिसला, वसीम गुर्जर, मौ. रिजवान व सरदार मुख्तियार सिंह आदि किसान नेता तथा ईश्वर सिंह, रणवीर सिंह, सुमन देवी, ज्योति रानी, आशा देवी, भारती देवी, गजरा देवी, स्नेहा चौहान, विजेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, बिट्टू चौहान, सचिन चौहान व किशन सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


अफजलगढ़ थाने में धरने को संबोधित करते किसान नेता सोनू चौधरी।


थले के महंत आसाराम

## ईरान का बड़ा बयान

### बिना गारंटी और हर्जाने के युद्ध का अंत संभव नहीं

**तेहरान ( एजेंसी/चिंगारी )।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि मौजूदा युद्ध का अंत तभी संभव है, जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। श्री अराघची ने एक प्रमुख अरबी समाचार-पत्र अल-अरबी अल-जदीद से बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि युद्ध का अंत तभी संभव है, जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने संघर्ष के दौरान हुए नुकसान के लिए हर्जाने या मुआवजे के भुगतान की मांग भी उठाई है। श्री अराघची ने क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाने का प्रस्ताव भी दिया है, जो क्षेत्र में हुए हमलों की बारीकी से जांच कर सके। ईरानी विदेश मंत्री ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि तेहरान की सैन्य कार्रवाइयां केवल इस क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और हितों तक ही सीमित रही हैं। उन्होंने इस बात का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पड़ोसी देशों के किसी भी नागरिक या आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया है।



# गुलदार से नहीं, आपसे डर लगता है साहब!

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम मुकर्रमपुर में 10 साल की बच्ची की गुलदार के हमले में मौत से गुस्साए लोगों ने सिस्टम पर तीखे प्रहार किये। घटना के बाद पहुंची पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के सामने ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। एक व्यक्ति ने तो यहां तक कह दिया कि हमें गुलदार से नहीं, आपसे डर लगता है साहब। गुलदार हमारी बेटी को खा गया। यदि हम कोई कार्रवाई करते हैं तो आप हमारे हाथों में हथकड़ी लगा देंगे। रविवार को हुई घटना के बाद सीएचसी पर अधिकारियों के सामने ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि हमारी फसल नष्ट हो रही है, लेकिन हम पूरी तरह से बेबस हैं और कुछ नहीं कर पा रहे हैं। जानवर क्या चीज हैं? हम भी जंगली जानवर हैं। जिसका मरा है उससे पूछो, कानून से डर लग रहा है। वरना हम जंगली जानवर से नहीं डरते हैं। साहब डर आपसे लगता है। आप हमारे हाथों में हथकड़ी लगा देंगे। उन्होंने गुलदार को पकड़ने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने कहा कि पूरा प्रशासन पीड़ित के साथ है, गुलदार को वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा।



## दुबई हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद उड़ानें निलंबित

**दुबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद आज उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने हवाई अड्डे के पास आग लगने की घटना के बाद एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में परिचालन रोक दिया। दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम यात्रियों एवं हवाई अड्डे के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ानों के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें, स्थिति की समीक्षा करने के बाद आधिकारिक चैनलों के माध्यम से आगे की जानकारी दी जाएगी।

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन
ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION
UNCONDITIONAL WARRANTY *
COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
*नियम व शर्तें लागू
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर

मुकद्दस रमज़ान
छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:29, शिया 6:38
सत्ताइसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:01, शिया-4:55
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम, स्योहारा
मौ. अजमल उमर
युवा भाजपा नेता/समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी- अध्यक्ष पद
नगर पंचायत मण्डावर
आशीष अग्रवाल
एम. डी.
शक्ति किसान सेवा केंद्र
कंवल नैनपुर, मण्डावर बिजनौर
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी- 19 -बढ़ापुर
वि.स. क्षेत्र समाजवादी पार्टी
एड. मदनलाल सैनी
राष्ट्रीय अध्यक्ष- भगीरथ सेना
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
समाजवादी पार्टी उ.प्र.
19-बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक- अफ़ज़लगढ़ (बिजनौर)

आवश्यकता है
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
मो- 8191819148

Hero
आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

# पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी- वेंकटेश्वर लू

## नूरपुर में सम्पन्न हुआ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन



**नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ.प्र. का प्रांतीय पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया गया। चांदपुर मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल में 'पत्रकारिता : चुनौती एवं समाधान' विषय पर केंद्रित सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव सैनिक कल्याण एवं समाज कल्याण एल.वेंकटेश्वर लू, जिलाधिकारी जसजीत कौर, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीप्रसाद गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रनाथ सिंह ने संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव एवं वेंकटेश्वर लू ने 'ग्राम गौरव' पुस्तिका का विमोचन किया। इसके उपरांत अपने संबोधन में कहा पत्रकार समाज का सच्चा प्रहरी होता है। पत्रकार की क़लम को धारदार होना चाहिए। उन्होंने कहा पत्रकारिता में बहुत सारी चुनौतियां हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार शासन-प्रशासन व जनता के बीच सेतु का काम करता है। लोकतंत्र को चलाने में अहम भूमिका है। उन्होंने कहा जनपद में उन्हें मीडिया का सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। स्वामी महंत मधुसूदन ने अपने शुभाशीष वचनों में कहा कि क़लम ज्ञान की शक्ति है। इस शक्ति से भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाने और राष्ट्र को सही मार्ग प्रशस्त करने में मीडिया का योगदान अहम है।

राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में संचार क्रांति से सोशल मीडिया तक पर विस्तार से प्रकाश डाला। चांदपुर के सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में पत्रकार गणेश चतुर्थी के बलिदान को याद दिलाते हुए कहा कि वे पत्रकारिता की धुरी थे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीप्रसाद गुप्ता ने देश की स्वाधीनता में पत्रकारिता का अहम योगदान बताते हुए आज की पत्रकारिता पर चिंता जताई। प्रदेश महामंत्री संगठन डा.नरेशपाल सिंह ने अपने संबोधन में संगठन की स्थापना और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन को प्रदेश महामंत्री संजय कुमार द्विवेदी के अलावा 11 राज्यों से आए संगठन के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। सम्मेलन का संचालन जिलाध्यक्ष डा.भानुप्रकाश वर्मा व जिला महामंत्री जितेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

सभी क्षेत्रवासियों को मुक़द्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर
छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:29, शिया 6:38
सत्ताईसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:01, शिया-4:55

## कामेन्द्र सिंह बने आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान

### शुभेन्द्र आर्य चुने गये मंत्री



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर का वार्षिक चुनाव पूर्व एजेंडा अनुसार 15 मार्च 2026, दिन रविवार को दयानंद जूनियर हाईस्कूल बिजनौर में संपन्न कराया गया। निवर्तमान प्रधान रविंद्रपाल सिंह आर्य की अध्यक्षता एवं मास्टर ब्रह्मपाल सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में चुनाव अधिकारी अमन सिंह आर्य व चुनाव पर्यवेक्षक रमेश सिंह आर्य की मौजूदगी में जनपद की आर्य समाज इकाइयों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से कार्मेंद्र सिंह एडवोकेट को प्रधान, शुभेंद्र आर्य को मंत्री एवं पूर्व प्रधानाचार्य अशोक त्यागी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तेजपाल सिंह, देवेंद्रदत्त सत्यार्थी, शिशुपाल सिंह, अतुल भाटिया, आदित्य बिश्नोई, सुरेशपाल सिंह आर्य, सुशील कुमार, मनजीत सिंह, पवन आर्य, डलहौजी, जयपाल सिंह, भानुप्रताप सिंह, मुकेश आर्य, वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रवीण शर्मा, डॉ. मुकुल आर्य, संदीप आर्य, नेपाल सिंह आर्य, कल्याण सिंह, महावीर सिंह जिंघाला, रमेश आर्य, विनोद कुमार आर्य, राधेश्याम चिकारा एडवोकेट, जयप्रकाश मुनि, हितेश शर्मा, हर्ष शर्मा, दीपक अग्रवाल आदि आर्य प्रतिनिधि शामिल रहे।

## आंचल चौधरी बनीं बीपीटी में टॉपर




केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने किया सम्मानित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम रावटी निवासी विकास चौधरी की पुत्री आंचल चौधरी ने बीपीटी (बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी) में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शनिवार को मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने आंचल चौधरी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। आंचल चौधरी को सम्मानित किए जाने पर उनके परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। पिता विकास चौधरी ने बताया कि आंचल ने कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा डीएवी हीमपुर दीपा से प्राप्त की है।

## ईदगाह में 8 बजे व जामा मस्जिद में 8:30 बजे होगी ईद की नमाज


ईदगाह का निरीक्षण करते हुए शेख सुलेमान

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर की कालागढ़ रोड स्थित ईदगाह में ईद-उल-फित्र की नमाज सुबह 8 बजे अदा की जाएगी, जबकि यहां की जामा मस्जिद में ईद-उल-फित्र की नमाज सुबह 8.30 बजे अदा होगी। ईदगाह कमेटी अफजलगढ़ के सदर पूर्व विधायक शेख सुलेमान एवं खजांची अफजाल अहमद एवं जामा मस्जिद के सिक्रेट्री पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन ने यह जानकारी दी। शेख सुलेमान ने ईदगाह का दौरा किया और वहां सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को जांचा परखा। शेख सुलेमान ने अफजलगढ़ ईदगाह में ईद-उल-फित्र की नमाज अदा करने वाले तमाम मुसलमानों से नमाज के मुकर्रर वक्त से पहले सुकून और इत्मिनान के साथ ईदगाह पर पहुंचकर ईद-उल-फित्र की नमाज अदा करने का आह्वान किया है। उधर नगर की सब्जी मंडी स्थित जामा मस्जिद के सिक्रेट्री इरशाद हुसैन के मुताबिक नगर की जामा मस्जिद में ईद-उल-फित्र की नमाज सुबह 8.30 बजे अदा किए जाने का ऐलान किया गया है।

## आरिष्टी पर ठा. यशपाल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नूरपुर( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव आजमपुर निवासी बसपा सरकार में पूर्व राज्यमंत्री रहे स्व. ठाकुर यशपाल सिंह की आरिष्टी सभा में नेताओं ने पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यशपाल सिंह का उपचार लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में चल रहा था, जहां उन्होंने 10 मार्च को अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार गांव स्थित उनके खेत पर ही किया गया था। रविवार को शोक सभा में पूर्व सांसद यशवंत सिंह ने 2007 से 2012 तक मंत्री के साथ किए कार्यकाल पर प्रकाश डाला। विधायक अशोक राणा ने भी उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया। एडवोकेट मौसम चौधरी ने अपने वक्तव्य में उन्हें सच्चा नेता कहा। इस अवसर पर पूर्व सांसद शीशराम रवि, पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह, अनिल सूद, चौधरी रूमाल सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, डीसीबी के चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, प्रदीप राणा, चौधरी अजयवीर एडवोकेट, तसलीम अहमद इदरीसी, मुकुल गुप्ता, सन्दीप जोशी आदि सैकड़ों संभ्रांत लोगों ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## आंधी से गेहूं व आम की फसल को पहुंचा नुकसान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** इस साल मौसम अजीबोगरीब करवटें ले रहा है। जब बारिश की जरूरत होती है, तब बादल नजर नहीं आते और जब जरूरत नहीं होती, तब बारिश हो जाती है। इस समय गेहूं की फसल लगभग तैयार है और गन्ना बुआई का काम चल रहा है, ऐसे में तेज हवा के साथ बारिश ने किसानों को काफी नुकसान पहुंचाया है। इससे पहले जब गेहूं की बुआई के लिये वर्षा की काफी जरूरत थी, तब तमाम टोने-टोटके और दुआ-प्रार्थना करने के बावजूद इन्द्रदेवता नहीं पसीजे थे। इस समय बारिश हो जाती, तब भी गनीमत थी, लेकिन आंधी के साथ बारिश आने से गेहूं की फसल खेतों में चादर की तरह बिछ गई है, जिससे उत्पादन पर फर्क पड़ने की आशंका है। आंधी के कारण कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे टूट गये जिससे विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई। आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचा। इस समय आम के पेड़ बोर से लदे हुए हैं। आंधी के कारण बोर गिर गया।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद

वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर
छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:29, शिया 6:38
सत्ताईसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:01, शिया-4:55

## सपा ने मनाया कांशीराम का 92वां जन्मदिवस

**बिजनौर ( चिंगारी।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बहुजन नायक कांशीराम का 92वां जन्मदिवस उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को 'पीडीए दिवस' और 'बहुजन समाज दिवस' के रूप में आयोजित किया गया। रविवार को पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम की शुरुआत कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख ज़ाकिर हुसैन ने की। इस मौके पर शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष में समर्पित कर दिया। निवर्तमान जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में डा. रमेश तोमर, पूर्व विधायक नईम उल हसन, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, अमित चौहान, डा. रहमान, सत्यपाल सिंह, अखलाक पप्पू, अनुज मलिक, शमसाद अंसारी, हनी फैसल, बीके कश्यप एड., प्रभा चौधरी, सुरेंद्र वाल्मीकि, प्रमोद, लाल सिंह कश्यप, अक्षित प्रताप, वंश कुमार, संगम देव आदि मौजूद रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

### संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र धीर सिंह गलत संगत में पड़ गया है। उसका व उसकी पत्नी प्रिया का व्यवहार हमारे प्रति बहुत खराब है। मैंने धीर सिंह व उसकी पत्नी प्रिया से दो वर्ष पूर्व समस्त संबंध विच्छेद कर लिये थे और धीर सिंह को अपनी जिंदगी व चल और अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। धीर सिंह और उसकी पत्नी द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिये मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**- धूम सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम जरीफपुर चतर, तहसील धामपुर जिला बिजनौर**

## जाट जागरण समिति ने चंद्रवाहिनी को किया सम्मानित



**चांदपुर ( चिंगारी )।** जाट जागरण समिति ने संघ लोक सेवा आयोग में चयनित ग्राम नांगलजट निवासी चंद्रवाहिनी चौधरी को उनके निवास पर जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जाट जागरण समिति के संरक्षक डा. लाखन चौधरी ने होनहार बिटिया को मिठाई खिलाई और चंद्रवाहिनी ने अपने लक्ष्य तक पहुंचाने वाले अपनी माता पूनम देवी, पिता अरुण कुमार व गुरुजनों का आभार व्यक्त किया। जाट जागरण समिति के अध्यक्ष डा. विकास तोमर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर बेटियां उच्च शिक्षित होकर व संघ लोक सेवा आयोग जैसी कठिनतम परीक्षा पास कर क्षेत्र व समाज का नाम रोशन कर रही हैं। चंद्रवाहिनी ने समाज के लिए एक रोल मॉडल बनकर बच्चों को भविष्य के लिए प्रेरित करने का काम किया है। इस अवसर पर संरक्षक डा. लाखन चौधरी, डा. महेंद्र मलिक, सचेंद्र सिंह, अरविंद लांबा, यशपाल सिंह, राजेश तोमर, प्रशांत, शोवीर सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन अहलावत, डा. कपिल कुमार, राजीव तोमर, राहुल सिंह, एड. बादल तोमर, डा. सुयश चौधरी, विकल्प तोमर, आकाश राणा आदि सदस्यगण उपस्थित रहे। अंत में चन्द्रवाहिनी को जाट जागरण समिति ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## रालोद कार्यालय में हुआ पूर्व सैनिक सम्मेलन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय बिजनौर पर पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोद जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने और संचालन लवकुश फौजी जिला अध्यक्ष पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने किया। कार्यक्रम में सतेन्द्र कुमार फौजी को जिला महासचिव और कैलाश सिंह को जिला उपाध्यक्ष पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ मनोनीत किया गया।

सम्मेलन में बिजनौर के पूर्व सैनिकों ने लवकुश फौजी के माध्यम से रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह से पूर्व सैनिकों के हित में विभिन्न मांग रखी, जिसमें देश में पूर्व सैनिकों का टोल फीस माफ होना, उत्तर प्रदेश में पूर्व सैनिक आयोग का गठन होने अस्पताल की चिन्हित भूमि पर जल्द से जल्द निर्माण शुरू होने की मांग की। रालोद के जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप और लवकुश फौजी सैनिकों को भरोसा दिलाया कि रालोद पार्टी हमेशा जवान और किसान की पार्टी रही है और रालोद हमेशा आपके हितों की लड़ाई लड़ता रहेगा। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, यशपाल सिंह, अरविंद लाम्बा, शौवीर सिंह, रेषपाल सिंह, सुनील कुमार, जसवीर सिंह, कल्याण सिंह, अनिल कमांडो, चंद्रभान सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, अमोद कुमार, धीर सिंह, गौरव सिंह, सुनील कुमार, संजीव कुमार, वीरेंद्र बिष्ट, नरेंद्र राणा, क्षेमेन्द्र सिंह, हरिओम सिंह, योगेंद्र ढाका, मुकेश कुमार, महेंद्र सिंह, विजेंद्र राणा, हरवीर सिंह, चौधरी प्रीतम सिंह, चौधरी ब्रजवीर सिंह, दीपक डबास, बॉबी, कोमल सिंह, धीर सिंह, सुभाष तोमर, खुर्शीद, सौरभ सिंह, मुस्ताक अहमद, चौधरी जयपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



**भली लगे या बुरी...**

# महिला के प्रति संकीर्ण सोच

विकास और प्रगति की चर्चाएं चाहे जितनी हो रही हों, कड़वी सच्चाई यह है कि महिलाओं के प्रति अपराध कम नहीं हो रहे हैं। कुछ साल पहले दिल्ली बलात्कार काण्ड से उपजे देशव्यापी जनाक्रोश के चलते महिलाओं में चेतना के साथ-साथ जो आत्मविश्वास तेजी से पैदा हो रहा था, दक्षिणपंथ ने अपने लिए उसके 'खतरे' को लगता है कि समय रहते पहचान लिया है और यही कारण है कि अधिकतर संत महात्मा इन दिनों महिलाओं के प्रति बेहद आक्रामक हो रहे हैं। उसे इस तरह रहन-सहन का ढंग सिखा रहे हैं, मानो देश की 'आधी आबादी' गुड़िया हो और उसे 21वीं सदी में खुली सांस लेने की कोई समझ न हो। पहले जहां भारत बनाम इंडिया की बहस छेड़ कर यह जताने की कोशिश हुई थी कि महिलाओं के प्रति अपराध वर्तमान आधुनिकता बोध के चलते बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरे बयानों में यहां तक कहा गया है कि हिन्दू परम्परा में शादी का सीधा अर्थ सौदा है और पुरुष यदि आर्थिक जिम्मेदारियां निभाता है तो महिलाओं को घर की सीमाओं तक खुद को कैद कर लेना चाहिए। यह साफ है कि 'आधी दुनिया' की जागृति से दक्षिणपंथ भयभीत है और वह इसे समय रहते रोकने की कोशिश में है। वह अच्छी तरह से जानता है कि एक बार देहरी से निकलने के बाद 'आधी दुनिया' को घर की सीमाओं और सोच में कैद करना कितना कठिन होगा। हो सकता है कि बाहर निकलने पर यह 'आधी दुनिया' अपने राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक भेदभाव को भी बेहतर ढंग से समझे और वर्तमान में जिस तरह से उसे धार्मिक कर्मकाण्डों व घरेलू कार्यों तक सीमित रखने का पुरुषनियंत्रित समाज द्वारा जो पीढ़ियों से खेल चल रहा है, उसे उतार फेंकने की भी वह पहल करें। इसी क्रम में दक्षिणपंथ की वर्तमान सक्रियता के चलते कभी दिल्ली गैंग रेप मामले में आशाराम बापू ने कहा था कि ताली दोनों हाथ से बजती है। लड़की अगर किसी लड़के को 'भाई' कह कर गिड़गिड़ा लेती, उनसे दीक्षा लिए होती, तो ऐसा नहीं होता, जैसा हुआ। पूरे मामले में उन्होंने पीड़ित लड़की को भी दोषी ठहराया था। स्वाभाविक रूप से इस बयान पर देश भर में तीखी प्रतिक्रिया हुई थी और भाजपा तक को अपनी नाक बचाने के लिए बापू के बयान से खुद को अलग करना पड़ा था। हद तो यह है कि हद दर्जे की घटिया बयानबाजी के बाद भी उनके अनुयायियों में कोई उनके विरुद्ध खड़ा नहीं हुआ। समझ में नहीं आता कि हमारा जागरूक समाज ऐसे लोगों के पीछे पागल कैसे हो सकता है, जिन्हें गाहे-बेगाहे विवादों में बने रहने का शौक हो, और जो गंभीरतम आरोपों से घिरे रहते हों।

# घटती कृषि भूमि और बढ़ती कालोनियां
## भविष्य की खाद्य सुरक्षा पर गंभीर संकट



देश में विकास और शहरीकरण की रफ्तार तेज़ी से बढ़ रही है। शहरों के साथ-साथ कस्बों और गांवों तक आबादी का विस्तार हो रहा है। नई-नई कालोनियों का निर्माण आज हर क्षेत्र में सामान्य दृश्य बन चुका है। पहली दृष्टि में यह विकास का संकेत प्रतीत होता है, किंतु इसके पीछे एक गंभीर समस्या भी उभर रही है कृषि भूमि और हरियाली का लगातार घटता दायरा। आज अनेक स्थानों पर उपजाऊ कृषि भूमि को आबादी क्षेत्र घोषित कर कालोनियां विकसित करने की होड़ लगी हुई है। भूमि के बढ़ते दामों ने कई लोगों को खेती से अधिक लाभ भूमि के व्यापार में दिखाई देने लगा है। परिणामस्वरूप खेत-खलिहान सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह प्लॉटिंग तथा मकानों का विस्तार तेजी से बढ़ रहा है।



इस स्थिति का एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि इन कालोनियों में से बड़ी संख्या अवैध रूप से विकसित हो रही है। कई स्थानों पर न तो इनका मानचित्र स्वीकृत होता है और न ही बुनियादी सुविधाओं की कोई सुविचारित योजना होती है। ऐसी अव्यवस्थित कालोनियां भविष्य में सड़क, जल निकासी, पेयजल और स्वच्छता जैसी समस्याओं को जन्म देती हैं, जिसका बोझ अंततः प्रशासन और समाज दोनों को उठाना पड़ता है। यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो आने वाले वर्षों में कृषि क्षेत्र का लगातार संकुचन होगा, इसका सीधा प्रभाव खाद्यान्न उत्पादन पर पड़ेगा। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यदि खेती की भूमि कम होती जाएगी तो भविष्य में खाद्य सुरक्षा एक गंभीर चुनौती बन सकती है। बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करना तब कठिन हो जाएगा।

इसके साथ-साथ पर्यावरणीय असंतुलन का खतरा भी बढ़ेगा। खेतों और हरियाली के स्थान पर कंक्रीट के विस्तार से तापमान में वृद्धि, भूजल स्तर में गिरावट और प्राकृतिक संतुलन में बाधा जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं।

इस गंभीर विषय पर सरकार और समाज दोनों को संवेदनशीलता के साथ विचार करने की आवश्यकता है। अवैध कालोनियों पर प्रभावी नियंत्रण, भूमि उपयोग के नियमों का कठोर पालन और सुव्यवस्थित शहरी नियोजन आज समय की मांग है। साथ ही ऐसी नीतियां बनाई जानी चाहिएं, जिनसे किसानों को खेती में ही स्थिर और सम्मानजनक आय प्राप्त हो, ताकि वे अपनी भूमि बेचने के लिए विवश न हों।

समाज को भी यह समझना होगा कि कृषि भूमि केवल आर्थिक संसाधन नहीं है, बल्कि वह देश की अन्न सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला है। यदि आज हम इसके संरक्षण के प्रति सजग नहीं होंगे तो भविष्य में इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। विकास आवश्यक है, किंतु विकास का मार्ग ऐसा होना चाहिए, जिसमें कृषि भूमि, पर्यावरण और भविष्य की आवश्यकताओं का संतुलन बना रहे। यही दूरदर्शी सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित कर सकती है।

**-डॉ. पंकज भारद्वाज**

# मंदिरों में नवरात्र पूजन की तैयारी, जोर-शोर से जारी

### श्री महाशक्ति कालिका मंदिर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चैत्रीय नवरात्रों के आगमन पर झालू रोड स्थित श्री मां कालिका मंदिर से कल 17 मार्च को प्रातः 5 बजे शोभायात्रा निकालकर नवरात्रे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनय अग्रवाल, महामंत्री अनिल कुमार विश्नोई व उपाध्यक्ष सुशील जिंदल ने बताया कि मंदिर में नवरात्र पूजन की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। इस दौरान प्रतिदिन माता रानी की आरती होगी। 31 मार्च को रात्रि 9 बजे से माता का जागरण, एक अप्रैल को प्रातः 9 बजे से मंदिर प्रांगण में विशाल भण्डारा व 26 मार्च को मां के भवन पर विशाल चैती आठे मेले का आयोजन किया जायेगा।



### श्री मां चामुण्डा मंदिर

मोहल्ला जाटान स्थित श्री मां चामुण्डा मंदिर में भी नवरात्रों की विशेष तैयारी की गई है। 18 मार्च को प्रातः 4 बजे शोभायात्रा निकालकर कार्यक्रमों का श्रीगणेश किया जायेगा। प्रबंध समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद खन्ना, महामंत्री अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व भण्डारी धर्मेन्द्र चौधरी के अनुसार 26 मार्च को रात्रि 9 बजे से विशाल जागरण तथा 27 मार्च को प्रातः 9 बजे से भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

### सनातन धर्म श्री रामकृष्ण मंदिर

सिविल लाइंस में पंजाबी कालोनी स्थित श्री सनातन धर्म श्री राम कृष्ण मंदिर में भी हर साल की तरह नवरात्रों में विशेष कार्यक्रम होंगे। 26 मार्च को रात्रि 9 बजे से भगवती जागरण तथा 27 मार्च को रामनवमी पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। मंदिर प्रबंध समिति के सचिव/प्रबंधक सदानंद खेड़ा ने समस्त माता के भक्तों का आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों और जो सज्जन कार्यक्रमों में सहयोग करना चाहें, वह उनसे सम्पर्क करें।

## कुष्ठ आश्रम में मनायी जायेगी नवमी का पर्व

बिजनौर में रेलवे स्टेशन के पास स्थित आदर्श महात्मा गांधी कुष्ठ आश्रम में विगत वर्षों की भांति राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। आश्रम अध्यक्ष रामअवतार, उपाध्यक्ष सुक्खा, कोषाध्यक्ष नरेश, सचिव राजू कश्यप व कोतवाल राजू, उप कोतवाल महेंद्र ने बताया कि 27 मार्च प्रातः 10 बजे संकीर्तन व 28 मार्च को संकीर्तन की समाप्ति पर पश्चात प्रातः 11 बजे से भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से तेल, आटा, चीनी, घी, बेसन व अन्य सामान दान देकर एवं इस शुभ अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

## आंधी से क्रेशर की दीवार गिरने से मजदूर की मौत

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर में बीती रात अचानक मौसम खराब होने के बाद तेज बारिश व आंधी से सड़क किनारे खड़े पेड़, बोर्ड व बिजली के खम्बे व तार क्षतिग्रस्त हो गये। कोटद्वार रोड स्थित गन्ना क्रेशर पर मजदूरों के आवासीय कमरों की टिनशेड व दीवार गिरने से 28 वर्षीय मजदूर शिवम पुत्र घनश्याम निवासी छितावर थाना किरतपुर की मौत हो गई। साथ ही आंधी के बाद से साहनपुर फीडर की रात 12 बजे गुल हुई बिजली समाचार लिखे जाने तक सुचारू नहीं हो पाई थी। जिससे शहर के बड़े हिस्से में बिजली न आने से पेयजल की भी समस्या पैदा हो गई। आंधी से काफी पेड़ व पोल उखड़ गये। जिससे काफी नुकसान हुआ है।

# अवैध खनन में लगे कई वाहन सीज किये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में अवैध एवं ओवरलोड विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गौरी शंकर ठाकुर के नेतृत्व में रायपुर-नगीना देहात क्षेत्र में खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान कई वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान एक डंपर वाहन ओवरलोड पाया गया तथा उस पर एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उक्त डंपर को नगीना देहात थाने की सुपुर्दगी में दे दिया गया। इसके अलावा दो अन्य वाहनों में भी नियमों की अनदेखी पाए जाने पर उनके चालान किए गए। इस दौरान एआरटीओ (प्रवर्तन) गौरी शंकर ठाकुर ने वाहन चालकों व स्वामियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सभी वाहन स्वामी अपने वाहनों के आगे और पीछे एचएसआरपी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवाएं तथा नंबर प्लेट के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें। इसके साथ ही वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप होना भी आवश्यक है, ताकि सड़क पर वाहन स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। उन्होंने यह भी कहा कि खनन सामग्री का परिवहन केवल वैध खनन प्रपत्रों के साथ और निर्धारित मात्रा में ही किया जाए। यदि किसी वाहन में ओवरलोडिंग या नियमों की अनदेखी पाई गई तो उसके विरुद्ध सीज एवं चालान की सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# कलाम पाक मुकम्मल होने पर कराया सामूहिक रोज़ा इफ़्तार

**नगीना ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला लोहारी सराय स्थित सल्लाह वाली मस्जिद में रमज़ान माह में होने वाली पच्चीस रोज़ा तराबीह में कलामे पाक मुकम्मल होने पर रियाज़ अहमद सैफी की ओर से मस्जिद में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में मुहल्ले और मस्जिद के नमाजियों ने रोजा इफ्तार किया। इशा की नमाज के बाद तरबीह में मुहल्ला लुहारी सराय निवासी हाफ़िज़ अतहर ने कलामे पाक को मुकम्मल किया। कलामे पाक के मुकम्मल करने के बाद इमाम मस्जिद सल्लाह वाली मुफ़्ती मुशाहिद हुसैन ने मुल्क में अमनो अमान के साथ-साथ मिल्लत की यकजहती की दुआ की गई। दुआ से पहले मुफ्ती मुशाहिद हुसैन ने ख़िताब करते हुए कलाम ए पाक की अजमत, रमज़ान की अजमत, रोजे की फजीलत के साथ ज़कात, सदका, वित्र आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुल्क में अमन व कौम, मिल्लत की तरक्की की दुआ की गई। मौलाना आमिर, महताबुद्दीन शब्बन, डॉ. मुअज़्ज़म हुसैन रियाज़ी, महमूद नासिर, इक़बाल अहमद, मुहम्मद असलम, शेख शाहनवाज खलील, आफ़्ताबुद्दीन, तुफैल अहमद एडवोकेट, नईम अहमद एडवोकेट, लईक अहमद, सरफराज शन्नू, इजहार अहमद बब्बू, इकरार अहमद मुन्ना, रियाज अहमद सैफ़ी, मुहम्मद इमरान सैफ़ी, मुहम्मद जाकिर, इसरार अहमद कुरैशी, मुज्जमिल अजीम, अफजाल अहमद कुरैशी, मुहम्मद खालिद, मुहम्मद असलम, एजाज़ अहमद गुड्डू, जुबैर अहमद, मुहम्मद आमिर, शमीम अहमद, मुहम्मद फ़ारूक़, मतलूब अहमद, मुहम्मद नाज़िम शम्सी, शब्बू शम्सी, खुर्शीद अहमद, हैदर मुल्तानी आदि की मौजूदगी रही।



सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद



**विवेक सेन**

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20



छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:29, शिया 6:38
सत्ताईसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:01, शिया-4:55

# कार्यकत्रियों ने ईद से पहले की एरियर भुगतान की मांग

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मार्च 2025 में अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में रिक्त पदों पर नियुक्त की गई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बार-बार मांग के बावजूद मानदेय नहीं मिल पा रहा था। आखिर नवनियुक्त इंचार्ज बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) अफजलगढ़ श्रीमती अनीता चौहान एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) बिजनौर विमल चौबे ने गंभीरता दिखाते हुए इस समस्या का समाधान तो करा दिया, जिससे कार्यकत्रियों के मानदेय मिलने की शुरुआत हो गई है। साथ ही नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने ईद-उल-फित्र से पूर्व एरियर भुगतान की मांग की है। कार्यकत्रियों का कहना है कि ईद से पूर्व एरियर भुगतान हो जाने पर उन्हें भी त्यौहार के मौके पर आर्थिक तंगी से छुटकारा मिल जाएगा। इस संबंध में इंचार्ज बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) अफजलगढ़ श्रीमती अनीता चौहान का कहना है कि वह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के एरियर भुगतान की समस्या के समाधान को लेकर गंभीर हैं और शीघ्र ही एरियर का भुगतान कराए जाने का प्रयास किया जाएगा।

# आकिब राणा ने किया इफ़्तार पार्टी का आयोजन

**झालू ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला कानूनगोयान में पवित्र माह रमज़ान के अवसर पर आकिब राणा द्वारा सामूहिक रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोज़ेदारों और नगर के गणमान्य लोगों ने शिरकत कर इफ्तार किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में रोज़ा खोलने से पहले देश व समाज में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआ करायी गयी। इसके बाद सभी रोज़ेदारों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया। इस अवसर पर आयोजक आकिब राणा ने कहा कि रमज़ान का महीना रहमत, बरकत और इबादत का महीना है। इस पवित्र महीने में रोज़ा इफ्तार के जरिए लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने का प्रयास किया जाता है।



# शत-प्रतिशत रहा जगमीत नर्सिंग कॉलेज का परीक्षाफल

**चांदपुर ( चिंगारी )। जगमीत मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज, बवनपुरा चांदपुर के छात्र-छात्राओं ने बीएमसी नर्सिंग परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।**

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय (एबीवीएमयू) द्वारा घोषित परिणाम देखने के बाद विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने बताया कि सत्र 2025-26 के बीएससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष एवं तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रथम वर्ष के परिणाम में अनिक कुमार (पुत्र दशरथ लाल), ग्राम छितपाल, जनपद प्रतापगढ़ ने 76.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नेहा (पुत्री मिथलेश्वर प्रसाद), जनपद गाजियाबाद ने 72.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय वर्ष के परिणाम में अवनीत कौर (पुत्री गुरुचरन सिंह), निवासी धनौरा ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आयशा (पुत्री असगर अली), ग्राम धयोती, धनौरा ने 72.36 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. भूपेन्द्र सिंह तोमर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# महिलाओं ने किया दुर्गा उत्सव का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महिला प्रकोष्ठ चांदपुर के तत्वावधान में नव चैत्र प्रतिपदा के उपलक्ष्य में दुर्गा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या में श्रृद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती पूनम अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि संस्था की जिलाध्यक्ष डा. मोनिका अग्रवाल थीं।


शनिवार की शाम को पंचवटी में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती पलक अग्रवाल की अध्यक्षता एवं डा. शिप्रा मित्तल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से झंडागान किया गया। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटी बच्ची प्रिशा की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कमलेश सैनी,डा. वर्णिका अग्रवाल, श्रुति जैन, छवि जैन, डा. प्रियंका अग्रवाल, संस्था की अध्यक्ष पलक अग्रवाल, स्वाति सिंघल, पूनम गुप्ता, ऋतु गर्ग, मानसी अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, दीपिका, काव्य गुप्ता, अनीता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, कविता, पायल गोयल, तान्या गोयल, राखी गुप्ता, सोनिया गोयल, सीमा गोयल, सीमा अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, भूमिका जैन आदि मौजूद रहीं।



## सार संक्षिप्त

## सहायक अध्यापिका बनीं रजनी बंसल

**बिजनौर ( चिंगारी )**। नगर की साहित्य विहार कॉलोनी निवासी रजनी बंसल पत्नी प्रवीण गुप्ता का माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, उत्तर प्रदेश द्वारा सहायक अध्यापिका (कला वर्ग) के पद पर चयन हुआ है। उनकी नियुक्ति मेरठ के लोकप्रिय जनता इंटर कॉलेज में की गई है।



रजनी बंसल की इस उपलब्धि से परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस सफलता के पीछे उन्होंने अपने माता-पिता, गुरुओं के आशीर्वाद के साथ-साथ अपने सास-ससुर के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि परिवार के प्रोत्साहन और सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी। रजनी बंसल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बच्चों शिखर गुप्ता और श्रीया गुप्ता को भी दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्यार, समझ और प्रेरणा ने उन्हें आगे बढ़ने की शक्ति दी। इस अवसर पर उन्होंने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी पूरी निष्ठा, मेहनत और समर्पण के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करती रहेंगी।

## फुरकान ठेकेदार भानु के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )**। भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए मंडावली क्षेत्र के ग्राम सिकरोड़ा निवासी फुरकान ठेकेदार को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।



इसके लिए फुरकान ठेकेदार ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी ईमानदारी से कार्य कर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। फुरकान ठेकेदार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# नि:संतानता परामर्श शिविर का आयोजन



## नि:संतानता के लिये 'एलफा आई.वी.एफ' तकनीक किसी वरदान से कम नहीं- डॉ. निरुपमा चौधरी

**बिजनौर ( चिंगारी )। कल यहां कार्तिक अस्पताल में नि:शुल्क नि:संतानता परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नि:संतान दंपतियों ने भाग लिया और 'आई.वी.एफ.' के विषय में जानकारी हासिल की।**

शिविर में नगर की प्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ एवं 'आई.वी.एफ' टेस्ट ट्यूब बेबी स्पेशलिस्ट डॉ. निरुपमा चौधरी ने बताया कि 'एलफा आई.वी.एफ' एक अत्याधुनिक तकनीक है, जो नि:संतान दंपतियों के लिये वरदान साबित हो रही है, जिससे अब बिजनौर जैसे छोटे शहर में भी सब तरफ से निराश महिलाओं का मां बनने का सपना साकार हो रहा है। शिविर में 44 नि:संतान दम्पतियों का नि:शुल्क परामर्श, नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड व बेसिक जांच की गई।

वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ 'आई.वी.एफ.' टेस्ट ट्यूब बेबी स्पेशलिस्ट डॉ. निरुपमा चौधरी ने नि:संतानता के कारणों पर प्रकाश डाला तथा बचाव के उपाये बताये। डॉ. निरुपमा चौधरी ने बताया कि इस आधुनिक तकनीक से कार्तिक अस्पताल के एलफा आई.वी.एफ सेंटर के इलाज से 250 से अधिक घरों में किलकारियां गूंज रही हैं। कैम्प के सफल आयोजन में विशेष भूमिका निभाने वालों में कार्तिक अस्पताल की पूरी टीम, जिनमें डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. सुनील, डॉ. भूमिका, डॉ. आयुषी, डॉ. अंजु विश्नोई, एम्ब्रायोलॉजिस्ट लो.दास व रामेंद्र तोमर आदि का विशेष सहयोग रहा।

जनपद के प्रथम आई.वी.एफ. सेंटर की डायरेक्टर डॉ. निरुपमा चौधरी ने आई.वी.एफ प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बिजनौर में ही यह उच्च तकनीक की सुविधा मिलने से नि:संतान दंपतियों को जनपद से बाहर आने-जाने की परेशानियों से राहत मिली है तथा अन्य शहरों के मुकाबले इलाज कराना थोड़ा सस्ता हो गया है।

## विधि के विद्यार्थियों ने न्यायालय का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की




न्यायालय का भ्रमण करने पहुंचे नॉर्थ इंडिया के विद्यार्थी व प्रवक्ता।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ लॉ के विधि छात्र-छात्राओं ने अपने प्रवक्ता गणों के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन, नजीबाबाद व न्यायिक मजिस्ट्रेट नजीबाबाद में लगने वाली लोक अदालत का भ्रमण किया। माननीय न्यायालय में सभी विधि के छात्र-छात्राओं ने लोक अदालत के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही यह भी जाना की लोक अदालत क्यों लगाई जाती है, इसका उद्देश्य क्या है तथा लोक अदालत में किस प्रकार वादों का निस्तारण किया जाता है। सभी छात्र-छात्राओं ने अन्य अधिवक्तागण, मजिस्ट्रेट एवं लिपिको से भी लोक अदालत प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। सहायक प्रवक्ता डॉ. मोहम्मद जाकिर, सहायक प्रवक्ता समसपाल सिंह एवं सहायक प्रवक्ता रविकांत लोक अदालत में छात्र एवं छात्राओं के साथ मौजूद रहे। विद्यार्थियों को विधि कार्यवाही को समझने एवं सीखने में सहायता की। लोक अदालत भ्रमण के संबंध में कॉलेज के प्रबंधक इंजीनियर अवनीश अग्रवाल एवं कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल ने विधि कॉलेज के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विधायक ने किया कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन



**नहटौर ( चिंगारी )**। ज्ञानदीप इंटर कॉलेज मुस्सेपुर में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विधायक ओमकुमार ने फ़ीता काटकर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओमकुमार ने कहा कि हम सभी को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल हमारे जीवन में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुये परिचय लिया। इस अवसर पर ज्ञानदीप इंटर कॉलेज के प्रबंधक लोकेंद्र चौधरी, प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह, धनंजय चौधरी, राजीव अहलावत, अजय भाटिया आदि उपस्थित रहे।

## जियो नेटवर्क कम्पनी के नेटवर्क न आने पर किरतपुर ऑफिस पर धरना



**किरतपुर ( चिंगारी )**। निकटवर्तीय ग्राम शाहपुर सुक्खा में काफी समय से जियो कंपनी के नेटवर्क न आने की समस्या का समाधान करने के लिए ग्रामवासियों ने जियो कंपनी के किरतपुर ऑफिस पर धरना दिया और ज्ञापन नोडल अधिकारी रिलायंस ऑफिस किरतपुर को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम शाहपुर सुखा में काफी समय से जियो नेटवर्क में चल रही गंभीर समस्या की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। इस संदर्भ में कहना है कि ग्राम में नेटवर्क न आने के कारण गांव के छात्र, किसान और व्यापारी तथा आम जनता कॉल ड्रॉप नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे थे। सुबह-शाम के समय नेटवर्क बिल्कुल फेल हो जाता है। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार वार्ता हो चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान न होने हो सका। आज सुबह 8 बजे लगभग भारतीय किसान यूनियन (राजनीतिक )के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में किसान यूनियन ने धरना दिया। प्रदर्शन कार्यों का कहना था कि चार दिनों के भीतर की समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामवासी किसान यूनियन के साथ मिलकर जियो कार्यालय का अनिश्चितकालीन धरना देंगे। धरने पर बैठने वालों में अरविंद राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष, रामशरण सिंह, महेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, अजवाइन प्रधान, भूपेंद्र, राजीव कुमार, राजेंद्र मोहन आदि काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




# बादशाह ने टीएमयू रॉक ऑन में युवा दिलों पर छोड़ी अपनी बादशाहत

**मुरादाबाद ( चिंगारी )**। रंग-बिरंगी लेज़र लाइट्स, संगीत की तेज बीट्स, बेशुमार युवाओं की भीड़, यूथस के लिए सजी महफिल में वन्स मोर, वन्स मोर का शोर, हजारों मोबाइल्स की फ्लैश, सीटियां, तालियां सरीखे मंजर में जाने-माने रैपर और पॉप सिंगर बादशाह की तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में रॉक ऑन के मंच पर धमाकेदार एंट्री हुई तो युवाओं के दिलों की धड़कनें बेकाबू हो गईं। एक तू मेरी बेबी डॉल..., अभी तो पार्टी शुरू हुई है..., लड़की ब्युटीफुल कर गई चुल..., बेबी को बेस पसंद है..., तेनू काला चश्मा जंचदा ऐ..., कर फ़तेह, सैटरडे -सैटरडे, वन्दे मातरम, सेल्फ़ी ले ले रे.. सरीखे गानों के लिए विख्यात बादशाह ने दीक्षांत समारोह- 2026 के दूसरे दिन एम्पीथियेटर- ओपन प्लाजा में एक से बढ़कर एक गानों पर दमदार प्रस्तुति दी। हर परफॉर्मेंस पर हजारों संगीत प्रेमी स्टुडेंट्स के संग-संग अतिथियों के पैर भी थिरकने लगे। जीवीसी श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जहान्वी जैन, सुश्री नंदिनी जैन आदि तक भी अपने आप को झूमने से नहीं रोक पाए। बीच-बीच में अपने-अपने मोबाइल्स से पसंदीदा रैपर बादशाह की विभिन्न अदाओं को कैद करने की होड़ लगी रही। रंग-बिरंगे परिधानों में बादशाह कभी उत्साही गर्ल्स समूह की ओर तो कभी जोशीले ब्वायज़ ग्रुप की ओर मुखातिब हो जाते। उन्होंने संगीत की इस महफिल में मौजूद यूनिवर्सिटी के आला प्रबंधन, अतिथियों, फैकल्टीज़ आदि की पसंद का भी ख़याल रखा। रॉक ऑन के दौरान सुरक्षा का कड़ा पहरा रहा। ड्रोन स्टुडेंट्स के संग-संग पूरे पंडाल के हर मंजर को कैद करते नज़र आए। समारोह में टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन के संग-संग



एसपी सिटी श्री रणविजय सिंह, टीएमयू परिवार के सीनियर सदस्य श्री अमित जैन, श्री अनिल जैन, वीसी प्रो. वीके जैन आदि सभी मेहमान भी रैप के बादशाह की अंत तक हौसलाफजाई करते नज़र आए।

### बादशाह.. बादशाह..

घंटों से बेताब हजारों-हजार स्टुडेंट्स के सामने रैंपिंग के बादशाह ने एक के बाद अपने मशहूर गानों की झड़ी लगा दी। बादशाह ने अंधेरे में जैसे ही रात साढ़े दस बजे एंट्री ली तो पंडाल बादशाह... बादशाह... बादशाह...से गूंज उठा। उन्होंने तेरे इश्क की रतियां... से अपनी अविस्मरणीय प्रस्तुतियों का आगाज़ किया। उसने मुझे छुआ भी नहीं, ऐसा वैसा कुछ हुआ भी नहीं..., जी भर के नाच रे गौरी लड़का तेरा दीवाना... लड़की ब्यूटीफुल कर गई चुल....पटोला पटोला...सरीखे हिंदी, पंजाबी गीतों और रैंप पर देर रात तक स्टुडेंट्स को झूमने पर विवश किया। बादशाह पंडाल में मौजूद हजारों छात्रों के हुजूम से मुखातिब हुए और बोले, मां की दुआएं और तुम जैसे यारों का साथ हों, सर पर भोले का हाथ हो तो कोई क्या करेगा। मैं यहां परफॉर्म करने नहीं, बल्कि आपके साथ एंज्वाय करने आया हूं। उन्होंने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मंगल आगमन पर अपनी भावनाएं इशारों-इशारों में पुराने गीत की चंद पंक्तियां गुनगुना कर यूं व्यक्त कीं, जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा, रोके जमाना, चाहे रोके खुदाई, फिर भी आना पड़ेगा...।





## कुत्तों के हमलों को रोकने के लिए नगरपालिका में बनाई गई रणनीति

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगरपालिका परिषद कार्यालय में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने बैठक का आयोजन कर शहरवासियों को आवारा कुत्तों के हमलों से बचाने के लिए विचार-विमर्श कर रणनीति बनाई है। बैठक में नगर में आवारा कुत्तों की बढ़ती जनसंख्या, उनके आक्रामक व्यवहार, नसबंदी व वैक्सीनेशन जैसे मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। इसमें कहा गया कि आवारा कुत्तों के साथ दुर्व्यवहार न किया जाए, मारने या छेड़ने से उनका आक्रामक व्यवहार बढ़ता है, शहर में डॉग शेल्टर हाउस बनाए जाने का सुझाव सामने आया, उनके खाने रहने का प्रबंध हो ताकि भूख की वजह से आक्रामक होकर किसी के ऊपर हमला ना करें। इसके अलावा कुत्तों की नसबंदी व वैक्सीनेशन बड़े स्तर पर कराने की आवश्यकता बताई गई। सड़कों पर गंदगी न फैले, स्कूल-कॉलेज व समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम व वर्कशॉप आयोजित किए जाएं, ताकि कुत्तों के साथ क्रूरता ना हो। पशु चिकित्सालयों के माध्यम से कुत्तों के वैक्सीनेशन की व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत बताई। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने आश्वासन दिया कि वह जल्दी ही बिजनौर डीएम से मिलकर जिले के सभी चेयरमैन, गांव प्रधान के साथ बैठक आयोजित करेंगे व उच्च स्तर पर पूरे जिले में कुत्तों की नसबंदी कराए जाने व आवश्यक कदम उठाए जाने का पूर्व प्रयास करेंगे। साथ ही पशु चिकित्सालय में आवश्यक सुविधाएं की व्यवस्था कराए जाने के लिए संबंधित विभाग व संबंधित मंत्रालय को पत्र लिखेंगे तथा कुत्तों की नसबंदी कराए जाने के लिए बजट के लिए राज्य सरकार से मांग करेंगे। बैठक में समाजसेविका अनुराधा माथुर, डॉ. दिलशाद अहमद, शमशुल इस्लाम एडवोकेट, वसीम अहमद बक्श, डॉ. शाकिर खान, डॉ. तारिक जकी, जीशान नजीबाबादी, सरफराज खान, हरप्रीत सिंह, राहुल चौहान, सना, इंशा, चेतना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**शहर में डॉग शेल्टर हाउस बनाने का सुझाव**

# विधायक आदेश चौहान के घर पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

### उनके नवविवाहित पुत्र एवं पुत्रवधू को दिया आशीर्वाद

**जसपुर (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जसपुर विधायक आदेश सिंह चौहान के आवास पर पहुंचकर उनके पुत्र एवं पुत्रवधू को शादी की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री का बुके देकर स्वागत किया। रविवार की सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून जाते हुए हेलीकॉप्टर से नादेही चीनी मिल स्थित हेलीपैड पहुंचे। यहां काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, एसडीएम काशीपुर अभय प्रताप सिंह, एसपी स्वप्न किशोर


विधायक पुत्र एवं पुत्रवधु को शुभकामनाएं देते मुख्यमंत्री धामी।

सिंह, कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान, शीतल जोशी, विनीत चौहान, गौतम गिरि, प्राशीष विश्नोई, आदि ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का काफिला विधायक आदेश सिंह चौहान के ग्राम निवारमंडी स्थित आवास पर पहुंचा। विधायक ने परिवार संग मुख्यमंत्री का प्रतीक चिन्ह एवं बुके देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विधायक के पुत्र अपूर्व चौहान एवं पुत्रवधू दामिन देव सिंह को विवाह की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके विधायक आदेश चौहान से पुरानी जान पहचान है, उनके बुलावे पर वह नवदंपति को आशीर्वाद देने के लिए खुद को रोक नहीं पाये। इस दौरान नवदंपति ने भी सीएम के पैर छू कर आशीर्वाद लिया। यहां दीपक वाली, सुखदेव सिंह, राकेश चौहन, राहुल गहलोत, गजेंद्र सिंह, हिमांशु नंबरदार, आदि मौजूद रहे। विधायक पुत्र के विवाह में कई माननियों ने भी शिरकत की।

## मिल कर्मचारियों के बच्चों ने की सीएम से वेतन बढ़ाने की मांग

**जसपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का काफिला जब नादेही चीनी मिल के हेलीपैड से विधायक आवास की ओर रवाना हुआ तो रास्ते में खड़े चीनी मिल कर्मियों के बच्चों के हाथों में फूल देखकर सीएम धामी ने अपनी कार रुकवा ली। बच्चों ने मुख्यमंत्री को लोकपर्व फूलदेई की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बच्चों ने सीएम से कहा कि 'सर हमारे पिताजी की सैलरी बढ़वा दो'। जिस पर सीएम ने बच्चों को आश्वासन दिया। बतादें कि सूबे की सहकारी क्षेत्र की चारों चीनी मिलों के कर्मियों का वेतन बीते एक वर्ष से घट गया, जिस कारण मिल कर्मी भी लगातार वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चों से फूल लेकर पर्व की बधाई दी। सीएम से पहली बार मिलकर बच्चे खुश दिखाई दिए। यहां महक, वैष्णवी, संस्कार, परी, राघव विश्नोई, वेदांत, उज्जवल विश्नोई, राजेंद्र सिंह, सचिन विश्नोई, जितेंद्र नाथ, प्रीतम सिंह आदि रहे।

## पति के साथ मायके आ रही महिला की हादसे में मौत

**स्योहारा (चिंगारी)।** रविवार को अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर मायके आ रही महिला की दुर्घटना मे मौत हो गयी। दुर्घटना तब हुई जब ट्रक ओवरटेक करते समय मोटरसाइकिल ट्रक की चपेट मे आ गयी।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय ज्योति की शादी ग्राम लालापुरी खाबड़ी, थाना धनौरा, जिला अमरोहा निवासी मंगल सिंह से हुई थी। ज्योति अपने पति और बच्चे के साथ मायके मोहल्ला हिन्दू चौधरियान, बसंतगढ़, स्योहारा आ रही थी। रामलीला ग्राउंड के सामने एक ट्रक तेज गति से गुजर रहा था, तभी मंगल सिंह ने ओवरटेक करने की कोशिश की और ट्रक की चपेट में आ गया। ज्योति मोटरसाइकिल से गिर गयी और मौके पर ही मौत हो गयी। मंगल सिंह व बच्चा सकुशल है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि मृतका के दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें 6 वर्षीय बेटी प्रज्ञा और 3 वर्षीय बेटा नोनू है। मां की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 'योगी जी! हमें इंसाफ चाहिये'

### शुऐब के परिवार की महिलाओं ने लगाई गुहार

**धामपुर (चिंगारी)।** ग्राम पुराना धामपुर निवासी शुऐब अहमद की करतूतों का खामियाजा उसके पूरे परिवार को भुगतना पड़ रहा है। परिवार की महिलाओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मार्मिक अपील की है। महिलाओं का दो टूक कहना है कि शुऐब ने जो गलती की है,



उसकी सजा उसको मिलनी चाहिए, लेकिन हमारा क्या कसूर है। हमें इंसाफ चाहिए। हम घर से बेघर हो गये है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे। घटना वाले दिन भीड़ दरवाजा तोड़ कर हमारे घर में घुस गई और घर का सारा सामान तोड़ दिया। हमें जान बचा कर नंगे पैर भागना पड़ा। हम इधर-उधर छिपे हुए घूम रहे हैं। हमारी सुरक्षा की जाये। महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई हमें इंसाफ चाहिए। एक महिला ने यहां तक कहा कि क्या मुसलमान होना हमारा गुनाह है।

# ईश्वर प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में बसता है - वेंकेटेश्वर लू

### नूरपुर ब्लॉक में हुई विकसित भारत संगोष्ठी

**नूरपुर (चिंगारी)।** रविवार को विकास खण्ड के शहीद रिक्खी सिंह परवीन सिंह सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग एल,वेंकटेश्वर लू तथा महानिदेशक-उपाम की उपस्थिति में पूर्व में निर्धारित कर्मयोग मद्य निषेध एवं विकसित भारत कार्यक्रम संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। एल. वेंकेश्वर लू को गार्ड ऑफ आनर के साथ जिलाधिकारी जसजीत कौर व ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान द्वारा पुष्पगुच्छ के साथ राधा कृष्ण की



कार्यक्रम का शुभारंभ करते एल वेंकेटेश्वर लू।

प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. मधुसूदन स्वामी ने आध्यात्म तथा विकसित भारत पर संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किये। आंकाक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख नूरपुर तथा जिलाधिकारी बिजनौर ने भारत को विकसित बनाने में महिलाओं की सहभागिता तथा मद्य निषेध तथा कर्मयोग पर अपने विचार व्यक्त किये। महिलाओं की मासिक समस्या मेन्सुरेशन पर खुले मंच पर चर्चा की। उसके पश्चात संगोष्ठी मे मुख्य अतिथि एल. वेंकेश्वर लू ने कर्मयोग मद्य निषेध एवं विकसित भारत पर अपने विचारों में कबीर जी के दोहे के उदाहरण के साथ कहा कि किसी समस्या का निदान पाने हेतु उस पर चर्चा आवश्यक है। ईश्वर प्रत्येक जगह है तथा प्रत्येक मनुष्य के हृदय में बसता है बस व्यक्ति को उसको पहचानने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि एल, वेंकेश्वर लू ने आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख तथा जसप्रीत कौर जिलाधिकारी बिजनौर के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही जिलाधिकारी बिजनौर को महिलाओं को उत्पीड़ित करने वाले दबंगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

विकास खण्ड में कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में रणविजय सिंह मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर, जागेश्वर सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी बिजनौर, रचना गुप्ता जिला विकास अधिकारी बिजनौर, नितिन तेवतिया उपजिलाधिकारी चांदपुर, आलोक कटियार तहसीलदार चांदपुर, डॉ. अजीत कुमार जिला प्रशिक्षण अधिकारी बिजनौर, करूणा चौहान सहायक विकास अधिकारी पंचायत नूरपुर, सलीम अहमद सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास नूरपुर, योगेश कुमार सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, नीरज कुमार, विपिन सैनी, राजकुमार, गौरव कुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव, एनसीसी कैडेट, विद्यालयों के अध्यापकगण व छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# हमज़ा मस्जिद में मुकम्मल हुई कुराने करीम

**धामपुर (चिंगारी)।** मुकद्दस रमजान के महीने में तरावीह नमाज़ मे कुराने करीम पढ़कर सुनाने और उसे सुनकर सवाब कमाना अपने शबाब पर है। अक़ीदत मंदो ने नमाज़ के बाद देश की तरक्की और आपसी भाईचारा कायम बाकी रखने की उलेमा ने दुआ कराई। नगर के महल सराय स्थित हमज़ा मस्जिद मे तरावीह नमाज़ मे कुराने करीम मुकम्मल हुआ, जिसे


महल सराय की हमजा मस्जिद में दुआ कराते हुए मौलाना असलम कासमी।

मोहम्मद साद ने रोज़ाना बीस रकात तरावीह नमाज़ मे ज़बानी याद कर अक़ीदत मंदो को सुनाया। प्रोग्राम के महमाने खुसुसी मौलाना असलम कासमी ने रमज़ानुल मुबारक के पाक महीने मे तरावीह नमाज़ खुशु व कुज़ू के साथ अक़ीदत से अदा करने की फ़ज़िलत बयान की। उन्होंने कहा कि इसी महीने मे कुराने करीम आसमान से उतारा गया। जिसे सवाब की नीयत से दुनिया मे सबसे ज़्यदा पढ़ा जाने वाला बताया। उन्होंने मुसलमानो से आपस मे प्यार मोहब्बत ओर खुलुस के साथ रमजान के महीने का एहतमाम व एहतराम किये जाने की ताक़ीद की। उन्होंने मज़हबे इस्लाम को दुनिया मे अमन व मोहब्बत का पैगाम देने वाला बताया। उन्होंने नौजवानो से नशे की बुराइयों का बयान करते हुए इन बुरी लतो से खुद बचने ओर अपने साथियों को भी बचाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने इस महीने को अल्लाह की इबादत का सबसे अच्छा व पाक महीना बताया।

आखीर मे मुल्क मे अमनोआमन कायम रखने तथा तरक्की की दुआ कराई। इस मौके पर कारी नौशाद आलम शाद, मुफ़्ती इफतेखारुल हसन, नफीस अहमद, मौह्म्मद ईस्माइल, पत्रकार फैज़ान अंसारी, तसलीम अहमद, खुर्शीद अहमद, नईम अहमद, अनीस अहमद, शानवाज़, इदरीस अहमद, परवेज़ अहमद, फहीम अहमद, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद जावेद, इम्तियाज़, मास्टर अल्ताफ, हंज़ला आदि शामिल रहे।

### क्षत्रिय राजपूत सभा ने समुचित कार्रवाई की मांग की

**धामपुर (चिंगारी)।** गांव पुराना धामपुर में आरएसएस के जिला कार्यवाह पर हुए हमले के मामले को लेकर महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा, बिजनौर ने कड़ा विरोध जताया है। सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया ने कहा कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अभी तक उचित कार्रवाई नहीं हुई है तथा अवैध अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है। उन्होंने कहा कि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम समाज की लगभग 4 से 5 मीटर भूमि पर अवैध निर्माण किया गया है, जबकि यह भूमि श्रेणी-6 की ग्राम समाज की भूमि बताई जा रही है। बताया कि यह जमीन ग्राम समाज द्वारा खाद के गड्ढों के लिए आवंटित की गई थी, जिस पर नियमों के विरुद्ध निर्माण होना गंभीर विषय है।

### खटीक समाज 18 मार्च को निकालेगा मौन जुलूस

**बिजनौर (चिंगारी)।** तरुण खटीक की निर्ममता पूर्वक हत्या के विरोध में 18 मार्च को जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय खटीक समाज जनपद बिजनौर के तत्वाधान में मौन कर जुलूस निकाला जाएगा और तत्पश्चात बिजनौर की डीएम के माध्यम से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय खटीक समाज के जिलाध्यक्ष सुनील पाल मनोहारिया ने जिले के सभी खटीक स्वजातीय बंधुओं से 18 मार्च को प्रातः 10 बजे से पूर्व एजाज अली हाल बिजनौर पहुंचकर एकत्रित होने का अनुरोध करते हुए बताया कि एजाज अली हाल से जिला अधिकारी कार्यालय तक मौन जुलूस निकाला जाएगा और डीएम के माध्यम से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा




## राजेन्द्र वकील होंगे जिला बार के अध्यक्ष

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के वार्षिक चुनाव में आज अध्यक्ष पद हेतु एक मात्र नामांकन होने के कारण चौधरी राजेंद्र कुमार एडवोकेट का अध्यक्ष बनना निश्चित है, जबकि अन्य पदों पर एक से अधिक नामांकन होने के कारण चुनाव होगा। आज प्रातः वीरेंद्र सिंह बार हाल में चुनाव कमेटी के अध्यक्ष चरत सिंह एडवोकेट की देखरेख में नामांकन फार्म वितरित किए गए। भारी गहमागहमी के बीच हुए नामांकन में अध्यक्ष पद पर चौधरी राजेंद्र कुमार एडवोकेट का ही नामांकन हुआ, जिस कारण उनका अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होना निश्चित हो गया है। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव सहित अन्य पदों पर एक से अधिक नामांकन होने के कारण इन पदों पर चुनाव होना तय है। उधर, शेर सिंह एड. ने आरोप लगाया कि वह अपना नामांकन पत्र दाखिल करने बार हॉल पहुंचे थे, लेकिन उनका नामांकन पत्र दाखिल नहीं करने दिया गया।

# घरों पर लटके हुये हैं ताले, डर के मारे नहीं लौटे परिवार वाले

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर के समीपवर्ती ग्राम पुराना धामपुर में शनिवार की तड़के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह विपिन कुमार व उनके पड़ोसी विहिप के सह मंत्री अमित शर्मा के घर पर उनके पड़ोसी शुएब द्वारा किए गए हमले के बाद से उनके घर के सामने रहने वाली पुराना धामपुर की ग्राम प्रधान राबिया अंसारी उनके पति कफील अहमद अंसारी, सहित उनके चार भाई व कफील अहमद के चाचा अब्दुल सत्तार के छः लड़के व उनके परिवार की महिलाएं और बच्चे आज घटना के तीसरे दिन भी पुलिस कार्यवाही के डर से वापस नहीं लौटे हैं।





उनके घर को जाने वाली गली के मेन गेट पर किसी अनहोनी की आशंका को लेकर पुलिस बल तैनात है। ग्राम पंचायत पुराना धामपुर निवासी कफील अहमद अंसारी की पत्नी राबिया अंसारी वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं। कफील अहमद के वालिद मुख्तार अंसारी दो भाई हैं। मुख्तार अंसारी के पुत्र शकील, कफील ,नबील, वकील, जमील गली की बाई साइड में रहते हैं। इसके फ्रंट पर कफील अहमद की कन्फेशनरी की दुकान है। इसी गली में दाई साइड में अब्दुल सत्तार के 6 पुत्र अपने परिवार सहित रहते हैं। शनिवार को तड़के अब्दुल सत्तार के पुत्र शुएब ने अमित शर्मा के घर में घुसकर तोड़फोड़ की थी। गांव में तनाव को बढ़ते हुए देखकर कफील अहमद अंसारी व शुएब अहमद के परिवार की महिलाएं और बच्चे घरों के ताले लगाकर चले गए थे। तब से उनके घर के मेन गेट पर ताले लटके हुए हैं और गली में सनाटा पसरा हुआ है।

### डरें नहीं घर लौट आयें - सीओ

**धामपुर (चिंगारी)।** पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे का कहना है कि शनिवार को ग्राम पुराना धामपुर में हुए विवाद के संबंध में पुलिस निष्पक्ष कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के जो परिवार अपने घर छोड़कर चले गए हैं, वह भयमुक्त होकर वापस आकर अपने घर में रहें, उन्हें घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस विभाग की ओर से गांव में भयमुक्त वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे, सभी लोग हंसी-खुशी से रहें, प्रशासन का यही प्रयास है। उधर, इस मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक ब्रह्मपाल गिरि ने बताया कि ग्राम पुराना धामपुर के मामले में अमित शर्मा की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी शुएब अहमद के वालिद अब्दुल सत्तार को भी गिरफ्तार करके उनका चालान कर दिया है।

## दो बसों की टक्कर में एक युवक की मौत

**नूरपुर (चिंगारी)।** रविवार को धामपुर मार्ग स्थित सेवाधाम आश्रम के पास एक बस से दूसरी बस की आमने सामने की भिंडत हो गई।हादसे में चांदपुर के मोहल्ला काजी सराय निवासी अजीम (30) पुत्र शरीफ की मौत हो गई गुस्साएं लोगों ने बस में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को पकड़ कर थाने में खड़ा कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।थानाध्यक्ष विकास कुमार का कहना है तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### युवक का शव मिलने से परिवार में शोक

**नूरपुर (चिंगारी)।** रविवार की शाम करीब 7 बजे गांव गोहावर हल्लू में नफीस (35) का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। बता दें कि शनिवार को मानसिक रूप से कमजोर नफीस के पिता यासीन ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आंधी तूफान से बिजली व्यवस्था ध्वस्त, 20 से अधिक खंभे टूटे

### भिक्कावाला से आ रही बड़ी लाइन भी क्षतिग्रस्त

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** बीती रात अचानक आए तेज आंधी तूफान से जहां एक ओर जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया, वहीं बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह ध्वस्त हो गई। तेज आंधी के चलते लोगों के घरों की छतों पर रखे सामान भी एक दूसरे के घरों में और सड़कों पर दूर जाकर गिरे मगर गनीमत रही कि क्षेत्र में कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। इस आंधी तूफान के बीच क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह से चौपट हो गई है। मानियावाला बिजली घर से घरेलू उपयोग हेतू संचालित चारों फीडर से सप्लाई होने वाली बिजली को पूरी तरह ठीक करने में काफी समय लगने की संभावना है। इस बिजली घर के दहलावाला फीडर के 4 पीसीसी पोल, सुआवाला फीडर के 5 पीसीसी पोल, मानियावाला फीडर के 6 पीसीसी पोल व 2 राउंड पोल सहित 20 से अधिक खंभे टूटे जाने के साथ-साथ तमाम जगह विद्युत लाइन धराशायी हो गई हैं। भिक्कावाला बिजली घर से मानियावाला बिजली घर तक आने वाली बिजली की बड़ी लाइन भी पेड़ टूट कर गिर जाने से कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई है।

मानियावाला बिजली घर के अवर अभियंता (जेई) हर्ष शर्मा ने बताया कि अभी टूटे हुए खभों की पूरी गिनती नहीं हो पाई है, लगभग 20 से अधिक खंभे टूटे होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि स्टाफ के साथ व्यवस्था को सही करने के लिए क्षेत्र में काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भरसक प्रयास कर विद्युत व्यवस्था अविलंब सही करने का प्रयास किया जाएगा लेकिन हालात देखते हुए व्यवस्था सुचारु करने में समय लग सकता है। उधर भिक्कावाला के एसडीओ अमित कुमार ने क्षेत्रवासियों से संयम बरतते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने में सहयोग का आह्वान किया है।

# दिल्ली के तरुण हत्याकांड के विरोध में जसपुर में आक्रोश

### हिंदू संगठनों ने निकाला मशाल जुलूस

**जसपुर (चिंगारी)।** होली के दिन दिल्ली में हुई तरुण कुमार की निर्मम हत्या के विरोध में जसपुर में भारी जन-आक्रोश देखने को मिला। विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य मार्गो से मशाल जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और दिल्ली सरकार से इस मामले के दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। रविवार की शाम गांधी पार्क पर एकत्रित हुए हिंदूवादी संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में हुई तरुण खटीक को हत्या का विरोध



किया। यहां से मशाल हाथों में लेकर नगर के मुख्य मार्गो से जुलूस निकाला। जुलूस ठाकुर मंदिर चौक, बारी चौक, गांधी आश्रम, कोतवाली रोड होते हुए सुभाष चौक पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं के हाथों में जलती हुई मशालें और तरुण खटीक के समर्थन में तख्तियां थीं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश की राजधानी में जिस तरह से इस वारदात को अंजाम दिया गया है, उससे पूरे समाज में असुरक्षा और गुस्से का माहौल है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने स्पष्ट कहा कि मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर दोषियों को फांसी दी जाये। साथ ही हिंदू समाज के युवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये और मृतक के परिवार को उचित आर्थिक सहायता और न्याय मिले। मशाल जुलूस के मद्देनजर स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। इस दौरान खड़क सिंह चौहान, राजकुमार चौहान, जितेंद्र सिंह, शिवनंदन, विमल, मुकेश, अनीता, आदि मौजूद रहे।

# परमार्थ निकेतन में अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन

ऋषिकेश (चिंगारी)। पावन गंगा तट पर स्थित परमार्थ निकेतन में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव, का छठा दिन राज्यपाल उत्तराखण्ड, गुरमीत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति

## योग मानवता को जोड़ने वाला सेतु - राज्यपाल

ने दिव्यता, प्रेरणा और गरिमा से आलोकित किया। अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में विश्व के 80 देशों से आए 1500 योग साधकों, 75 योगाचार्यों, आध्यात्मिक मार्गदर्शकों और प्रतिभागियों के बीच राज्यपाल की उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि योग केवल साधना नहीं, बल्कि मानवता को जोड़ने वाला एक वैश्विक सेतु है।



अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 2026 के इस विशेष दिन पर विश्व के 11 देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों और राजनायिकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को वास्तव में अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया, जो मानवता के साझा मूल्यों, शांति, सद्भाव और आध्यात्मिकता का जीवंत प्रतीक बन गया। योग की यह साधना, सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे जाकर मानवता को एक सूत्र में पिरोने का संदेश दे रही है।

इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि ये क्षण बिल्कुल अलग है। हम सब माँ गंगा के पावन तट पर बैठे हैं, यह सब उस प्रभु का ही आदेश है। इन छः दिनों के भीतर निश्चित ही आप सभी के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आया होगा। हम सब यहां हिमालय की गोद में बैठे हैं और यह वही क्षण है जब हम परमात्मा से जुड़ सकते हैं यहां ईरान, इजराइल और यूएसए के लोग भी एक साथ बैठे हैं। यह पूरी दुनिया के लिए एक उत्तम संदेश है।




सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. (बिजनौर)
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर

छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:29, शिया 6:38
सत्ताइसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:01, शिया-4:55



शहजाद अहमद


# अंतर्राष्ट्रीय जूनियर टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन

## उत्तराखण्ड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने किया उद्घाटन

देहरादून (चिंगारी)। दून में रविवार को अंतरराष्ट्रीय जूनियर टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में आठ से अधिक देशों के 100 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। डालनवाला स्थित शांति टेनिस अकैडमी में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास की भावना विकसित करता है तथा युवाओं को नई दिशा देता है। रेखा आर्या ने कहा कि देवभूमि में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन होना प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में आयोजित हुए 38th नेशनल




गेम्स ने साबित किया है कि राज्य बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है।

उन्होंने कहा कि भारत आने वाले समय में कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 के ओलंपिक गेम्स की मेजबानी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में उत्तराखंड भी खेल अवसंरचना को मजबूत कर अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

खेल मंत्री ने कहा कि खेल के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा को निखारकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। कार्यक्रम में अकादमी के अध्यक्ष पूर्व डीजीपी अशोक कुमार, संरक्षक प्रदीप कुमार वालिया, महासचिव सुमित गोयल व अंतरराष्ट्रीय अंपायर और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# मोबाइल नेटवर्क की बदहाली से उपभोक्ता परेशान

## कण्वाश्रम को नहीं मिल रही पर्याप्त पहचान

कोटद्वार (चिंगारी)। राज्य के पौराणिक स्थल कण्वाश्रम में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति बदहाल बनी हुई है। इस समस्या से स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटकों को भी जूझना पड़ रहा है। जीएमवीएन गेस्ट हाउस में ठहरने वाले लोगों को मोबाइल पर बात करने के लिए ऊंचे स्थान पर जाना पड़ता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मोबाइल कनेक्टिविटी ठीक नहीं होने से पर्यटन गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। कोटद्वार से करीब 15 किमी दूर मालन नदी के तट पर स्थित कण्वाश्रम एक ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल है। इसी कण्वाश्रम में देश को नाम देने वाले चक्रवर्ती सम्राट भरत का जन्म हुआ था। कण्वाश्रम को अन्य स्थलों की तरह व्यापक प्रचार प्रसार कभी नहीं मिल पाया इसके बावजूद देश के कई भागों से पर्यटक यहां पहुंचते हैं। पंचमी पर यहां तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाता है, लेकिन मोबाइल कनेक्टिविटी न होने के कारण यहां आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां संचार सुविधा बेहतर किए जाने सबसे ज्यादा जरूरत है।

# कुसुम कंडवाल ने कोतवाली का निरीक्षण किया, हेल्प डेस्क का जायजा लिया

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची उत्तराखंड महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कोटद्वार कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला डेस्क और साइबर सेल का भी जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।



महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल

इस दौरान अभिलेख निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 2025-26 में कुल 540 मामले पंजीकृत हुए, जिनका सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है। वहीं, वर्तमान वर्ष 2026 के शुरुआती दो महीनों में 112 नए केस दर्ज हुए हैं, जिन पर सुनवाई और निस्तारण की कार्यवाही गतिमान है। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि हेल्प डेस्क का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय सुनिश्चित कराना और बिखरते परिवारों को आपसी समझ से बचाना है। तत्पश्चात उन्होंने साइबर सेल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित ऑनलाइन अपराधों और साइबर बुलिंग के मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर कोटद्वार थाना प्रभारी प्रदीप नेगी, महिला हेल्पलाइन प्रभारी एस.आई. दीपिका बिष्ट सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान की दिली मुबारकबाद

मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट



छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:29, शिया 6:38
सत्ताइसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:01, शिया-4:55




# नाबालिग से किया था बलात्कार एक अभियुक्त गिरफ़्तार

देहरादून (चिंगारी)। कोतवाली पटेलनगर में आजाद कालोनी तहरीर दी कि अभियुक्त रैफी उर्फ सोनू पुत्र मो. असलम निवासी आईएसबीटी सी 15 आजाद कॉलोनी गली नम्बर 03 पटेलनगर देहरादून मूल पता ग्राम गजरौला, थाना बस्ती, जिला अमरोहा उ.प्र. तथा अन्य विधि विवादित किशोरों द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री को नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। तहरीर के आधार पर कोतवाली पटेलनगर पर अभियुक्तों के विरुद्ध पोक्सो अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की संवेदनशीलता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा कोतवाली पटेल नगर पर गठित पुलिस टीम को अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। निर्देशों के अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर सुरागरसी-पतारसी करते हुए घटना को अंजाम देने वाले मुख्य अभियुक्त रैफी उर्फ सोनू पुत्र मौ. असलम को पटेल नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, घटना में शामिल अभियुक्त के दो अन्य विधि विवादित किशोर साथियों को पुलिस संरक्षण में लिया गया।




सभी देशवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा

राग़िब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर



राग़िब हुसैन उर्फ शहज़ादा

छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:29, शिया 6:38
सत्ताइसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:01, शिया-4:55


# चौराहों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

कोटद्वार (चिंगारी)। मिशन सांस्कृतिक संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के सभी 40 वार्डों के चौक व चौराहों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। इस संबंध में संस्था के प्रतिनिधिमंडल की ओर से शनिवार को सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में नगर निगम के सभी वार्डों के मुख्य चौक व चौराहों पर अतिक्रमण किया गया है, जिससे चौक-चौराहों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना हुआ है। इसलिए अतिक्रमण को हटाया जाना आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने वालों में संस्था संयोजक पूर्व सैनिक सुनील बहुखंडी, भगवती प्रसाद कंडवाल, विक्रम सिंह नेगी और महेंद्र सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

# आंदोलनकारियों को किया पुलिस ने गिरफ़्तार

## उक्रांद कार्यकर्ताओं ने किया गुस्से का इज़हार

कोटद्वार (चिंगारी)। उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा सत्र के दौरान गैरसैंण स्थायी राजधानी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों को गिरफ्तार करने पर नाराजगी जताई।

**कर रहे थे गैरसैंण को राजधानी बनाने की मांग**

उक्रांद के केंद्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी ने सरकार पर प्रदेश के विकास को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया। कहा कि जिन अपेक्षाओं के अनुरूप राज्य का निर्माण करवाया गया था, सत्तासीन सरकारों ने उस अवधारणा को समाप्त कर दिया। कहा कि गैरसैंण में विधानसभा सत्र के दौरान दल के वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी, पुष्पेश त्रिपाठी व आशीष नेगी गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाए जाने के लिए आंदोलन कर रहे थे, लेकिन सरकार के इशारे पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर दिया। कहा कि प्रदेश सरकार दमनकारी नीति अपनाकर आंदोलनकारियों की आवाज को दबाना चाहती है। कहा कि उक्रांद हमेशा से ही गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाए जाने की पक्षधर रही है, लेकिन प्रदेश में सत्तासीन सरकारें गैरसैंण को स्थायी राजधानी नहीं बनाना चाहती है। उन्होंने सरकार से गिरफ्तार नेताओं को तत्काल रिहा करने की मांग की है। आक्रोश व्यक्त करने वालों में महेंद्र सिंह रावत, सत्यप्रकाश थपलियाल, पंकज डबराल, उम्मेद सिंह भंडारी, हरीश ध्यानी, कुलभूषण नेगी, मनमोहन नेगी, अशोक कंडारी, सत्यपाल सिंह नेगी शामिल रहे।

# लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग को लेकर धरना जारी

कोटद्वार (चिंगारी)। लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग को लेकर लोगों का धरना जारी है। आंदोलन पर डटे लोगों ने प्रदेश सरकार को मार्ग निर्माण नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आंदोलनकारियों ने चिल्लरखाल वन चौकी के समीप धरना देते हुए कहा कि वह पिछले कई माह से मार्ग निर्माण को लेकर धरना दे रहे हैं। 12 फरवरी को न्यायालय ने मार्ग निर्माण की स्वीकृति दी। लेकिन, अब तक सरकार मार्ग निर्माण की स्थिति को नहीं बता पायी है। कहा कि क्षेत्रवासी केवल एलिवेटेड मार्ग ही चाहते हैं। मार्ग के बेहतर निर्माण से ही क्षेत्र का बेहतर विकास होगा। साथ ही सिगड्डी के मंद पड़े व्यापार को भी गति मिलेगी। यही नहीं, इस मार्ग का निर्माण होने से कण्वाश्रम को भी नहीं पहचान मिलेगी। शहरवासियों को राजधानी देहरादून जाने के लिए उत्तर प्रदेश की सड़क से नहीं जाना पड़ेगा। कोटद्वार को राजधानी से जोड़ने का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। कहा कि स्थानीय जनता लंबे समय से मार्ग निर्माण को धरना दे रही है। लेकिन, अब तक सरकार चुप्पी साधे हुए है।

# डॉ. मोहसिन रजा ने स्तन में फुटबाल के आकार का सफल आप्रेशन किया

बिजनौर (चिंगारी)। स्योहारा के वरिष्ठ सर्जन व समाजसेवी डॉ. मोहसिन रज़ा अलीगढ़ शहर में एक अस्पताल में अपनी टीम के साथ एक नवयुवती उम्र 18 वर्ष के स्तन में फुटबाल के आकार के ट्यूमर का सफल आपरेशन कर उसकी जान बचाई। नवयुवती अलीगढ़ शहर की ही रहने वाली है। यह जटिल शल्य चिकित्सा निःशुल्क की गई है। डॉ. मोहसिन रज़ा ने बताया कि युवती लंबे समय से गंभीर दर्द और असुविधा से जूझ रही थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि उसका उपचार करा सके। ट्यूमर का वजन 5 किलोग्राम तक पहुंच गया था, जो फुटबाल के आकार का था। उन्होंने बताया मैंने 56 साल की अपनी प्रेक्टिस में स्तन में कभी इतना बड़ा ट्यूमर नहीं देखा था। अगर इस युवती के ट्यूमर का आपरेशन नहीं होता, तो वह कभी भी फट सकता था। यह बहुत जटिल आपरेशन था। मरीज को एनस्थेसिया देने में भी समस्या हुई, क्योंकि इसकी ईसीजी तक नहीं हो सकती थी। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करते हुए आप्रेशन किया जाना था। आपरेशन के दौरान काफी ब्लीडिंग हुई, मगर तीन से चार घंटे तक चला आपरेशन सफल रहा। आपरेशन के बाद युवती की हालत स्थिर है।





डॉ. मोहिसन रजा

ज्ञात हो कि डॉ. मोहसिन रज़ा की ऐशिया के जाने-माने चिकित्सकों में गिनती होती है। उनकी आयु लगभग 85 वर्ष है, वह मूल रूप से स्योहारा के मौहल्ला सादात के रहने वाले हैं। उन्होंने 50 वर्ष अपनी सेवाएं ईरान, केनेडा, होलेंड, औमान आदि देशों में दी। सेवानिवृत्त होने पर पुनः 2011 में अलीगढ़ आ गए तथा अलीगढ़ में अपना क्लीनिक खोलकर गरीब मरीजों का उपचार शुरू किया। बेस्ट केंसर से पीड़ित सैकड़ों महिलाओं के फ्री आप्रेशन किए और कर रहे हैं। 1600 गरीब बच्चों की शिक्षक की व्यवस्था करके निःशुल्क तालीम दे रहे हैं। उनकी समाजसेवा को लेकर अलीगढ़ में काफी सराहना की जा रही है।

# जिला प्रशासन के आदेशों की अहवेलना पर गैस एजेंसी के सिलेंडर जब्त, मुक़दमा दर्ज

## एजेंसी पर ही वितरित किये जा रहे थे गैस सिलेंडर

देहरादून (चिंगारी)। एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने तथा शत-प्रतिशत होमडलिविरी सुनिश्चित करवाने के जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में क्षेत्रवार क्यूआरटी टीम गठित की गई है। क्यूआरटी टीम ने क्षेत्रवार गैस एजेंसियों के निरीक्षण करते हुए एलपीजी गैस की मांग, आपूर्ति आदि सभी गतिविधियां देखीं।



जिलाधिकारी जिलें में गैस आपूर्ति/वितरण बैकलॉक की स्वयं मॉनिटिरिंग कर रहे हैं।

जिला प्रशासन के आदेशों की नाफरमानी पर शहीद हीरा गैस एजेंसी शिमला बाईपास रोड के सिलेंडर जिला प्रशासन ने जब्त कर लिए तथा गैस एजेंसी स्वामी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया है। जिलाधिकारी को शिकायत प्राप्त हुई कि हीरा गैस एजेंसी द्वारा जिला प्रशासन के होमडिलिविरी सम्बन्धी आदेश की अहवेलना करते हुए उपभोक्ताओं को ऐजेंसी से ही गैस सिलेंडर वितरीत किये जा रहे हैं, जिससे भारी भीड़ लग गई है तथा कानून व्यवस्था पर विपरित असर पड़ने की संभावना है। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल गैस एजेंसी पर कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार क्यूआरटी टीम सहित मौके पर पंहुचे। हीरा गैस सर्विस, नया गांव पेलियो, देहरादून द्वारा होम डिलीवरी न करते हुये घरेलू गैस सिलेण्डर का वितरण गैस गोदाम में ट्रक के माध्यम से किया जा रहा था। जिला प्रशासन ने सम्बन्धित गैस एजेन्सी के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (यथा संशोधित), आपदा प्रबन्धन अधिनियम-2005 एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत थाना पटेलनगर में वाद दर्ज कराया गया तथा गैस सिलेण्डर आदि को जब्त कर लिया गया जिसे जिला पूर्ति अधिकारी एवं सम्बन्धित तेल कम्पनी की सुपुर्दगी में दे दिये गये हैं।

# वांछित के आवास पर कुर्की का नोटिस चस्पां

**कोटद्वार (चिंगारी)। न्यायालय के आदेश पर धुमाकोट पुलिस ने कोटद्वार के बेलाडाट-लालपुर निवासी रविलाल पुत्र प्रेमलाल के आवास पर कुर्की नोटिस चस्पा किया है। पुलिस के अनुसार रविलाल चैक बाउंस के एक मामले में आरोपी हैं और न्यायालय के आदेश पर कुर्की से पूर्व आरोपी के आवास पर कुर्की नोटिस चस्पां किया गया है।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com



# असीम संभावनाओं का प्रदेश
# उत्तर प्रदेश



उत्तर प्रदेश में उद्योग स्थापित करना और उनका संचालन अब पहले से कहीं अधिक सुगम हो गया है। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, व्यापक नीतिगत सुधार, आकर्षक सेक्टोरल नीतियां, मजबूत आधारभूत संरचना, पर्याप्त लैंड बैंक और विशाल उपभोक्ता बाजार इसकी प्रमुख ताकतें हैं। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'ईज ऑफ लिविंग', दोनों ही क्षेत्रों में प्रदेश अग्रणी प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरा है। परिणामस्वरूप प्रतिदिन नए निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। इन प्रस्तावों के पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योगी सरकार ने सुदृढ़ एवं जवाबदेह तंत्र विकसित किया है, जिसके तहत सभी आवश्यक स्वीकृतियां निर्धारित समयसीमा में प्रदान की जा रही हैं और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की गई है। प्रदेश की तीव्र विकास गति का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2016-17 में जहां जीएसडीपी ₹13.30 लाख करोड़ थी, वहीं दिसंबर 2025 तक यह लगभग ढाई गुना बढ़कर ₹32.79 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। वर्ष 2025-26 में यह ₹36 लाख करोड़ होने का अनुमान है।

## बजट 2026-27

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान: ₹1000 करोड़

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना: ₹225 करोड़

एक जनपद एक व्यंजन योजना: ₹75 करोड़

सरदार वल्लभ भाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन योजना: ₹575 करोड़

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना: ₹2,374 करोड़

मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण एवं नये औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना: ₹5,000 करोड़

बजट के कुल व्यय में ₹2,48,225.80 करोड़ का एक्सपेंडिचर (पूंजीगत व्यय) सम्मिलित है

## आस्था के साथ अर्थसिद्धि भी


महाकुम्भ में ₹3 लाख करोड़ का वित्तीय लेनदेन

10 लाख स्थायी व अस्थायी रोजगार का सृजन


## सीडी रेशियो

| दिसंबर 2025 तक | लक्ष्य मार्च 2026 तक |
|---|---|
| 60.39% | 62% |

## साल दर साल ऐसे बढ़ी प्रति व्यक्ति आय




## यूपी की बढ़ती जी एस डी पी




## बैंकिंग व्यवसाय

| मार्च 2017 | दिसंबर 2025 |
|---|---|
| ₹12.80 लाख करोड़ | ₹32.79 लाख करोड़ |

## जमा राशि

| मार्च 2017 | दिसंबर 2025 |
|---|---|
| ₹8.92 लाख करोड़ | ₹20.44 लाख करोड़ |

## प्रधानमंत्री जनधन योजना

प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 10.21 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं

## दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

देश की अर्थव्यवस्था में 9.1% का योगदान

## अचीवर स्टेट

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग

## एमएसएमई राज्य

96 लाख + एमएसएमई इकाइयां देश में सर्वाधिक

**₹50 लाख करोड़** के निवेश प्रस्ताव प्राप्त

**₹15 लाख करोड़** के निवेश को धरातल पर उतारा गया

**60 लाख** युवाओं को रोजगार

## उत्तर प्रदेश: उभरता हुआ ग्लोबल इंडस्ट्रियल हब

- बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण का गठन
- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों से निवेश आकर्षित करने हेतु निवेश प्रोत्साहन नीति 2023 का क्रियान्वयन
- अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का क्रियान्वयन
- 12 जनपदों उन्नाव, सहारनपुर, मेरठ, अमरोहा, सीतापुर, अलीगढ़, कानपुर देहात, हापुड़, संभल, झांसी, मथुरा एवं मुरादाबाद में प्लेज पार्क की स्वीकृति
- औद्योगिक विवादों के त्वरित निस्तारण हेतु e-court की स्थापना
- देश-विदेश की 500 से अधिक कंपनियों ने अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो 2025 में प्रतिभाग किया
- यीडा (YEIDA) में प्रदेश के प्रथम मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना
- देश के द्वितीय तथा प्रदेश के प्रथम सेंट्रल मिलिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट की लखनऊ में स्थापना
- मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकृत उद्यमी की मृत्यु अथवा अपंगता पर 5 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान
- 97 प्रतिशत से अधिक निस्तारण दर के साथ निवेश मित्र पर 45 विभागों की 525 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध
- एक जनपद-एक उत्पाद वित्त पोषण योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में अब तक 4,750 लाभार्थियों को लाभान्वित कराते हुए ₹26800.36 लाख मार्जिन मनी वितरित
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में अब तक 9,613 लाभार्थियों को ₹27745.70 लाख मार्जिन मनी वितरित
- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 1,17,851 लाभार्थी लाभान्वित
- प्रदेश सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा नीति- 2022 के अंतर्गत ₹7,150 करोड़ के निवेश तथा 63,500 से अधिक प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार युक्त इकाईयां स्थापित






ADVERTORIAL